PRAKRIT TEXT SERIES No. 27

SVAYAMBHŪDEVA'S

RIṬṬHAṆEMICARIYA

(HARIVAṀSAPURĀṆA)

PART I

JAȲAVA-KAṀḌA

EDITED
by
RAM SINH TOMAR

PRAKRIT TEXT SOCIETY
AHMEDABAD
1993

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रिट्ठणेमिचरिउ

(हरिवंसपुराणु)

जायव-कंडं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

PRAKRIT TEXT SERIES No. 27

General Editors :
D. D. Malvania
H. C. Bhayani

SVAYAMBHŪDEVA'S

RIṬṬHAṆEMIGARIYA (HARIVAṀSAPURĀṆA)

PART I

JĀYAVA-KAṀḌA

EDITED
by
RAM SINH TOMAR

PRAKRIT TEXT SOCIETY
AHMEDABAD

1993

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Published by :
Dalsukh Malvania
Secretary,
Prakrit Text Society
Ahmedabad 380 009

© Rāmsinh Tomar

First Edition : 1993

Price : 40-00

Printed by :
Harjibhai N. Patel
Krishna Printery
966, Naranpura
Old Village
Ahmedabad 380 013

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत ग्रन्थ परिषद् : ग्रन्थाङ्क : २७

कइराय-सयंभूदेव-किउ

रिट्ठणेमिचरिउ
[हरिवंसपुराणु]

प्रथम खण्ड

यादव काण्ड

संपादक

रामसिंह तोमर

प्राकृत ग्रंथ परिषद्

अमदावाद

१९९३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जइ-वि ण वसुमइ-मग्गहिं इह को-विं संचरइ
अइ-किलेसे ससिणि सुअ-देवि-वि जइ फुरइ ।
तो-वि एहु मोरी वाणि विलट्ठ-कलावबइ
अहिणव-घण-पअ-पसरेहिं अवहंसेहिं रमइ ॥

Eventhough hardly anybody moves about on the paths of the earth (*or* dares to roam about in rich intellectual avenues), eventhough the moon can glitter if at all under extremely trying conditions (*or* the Goddess of Learning can appear only in fitful flashes), even then this melodious crying of peacocks with feathers spread (*or* my poetic compositions with charming *kalāpakas*) sports delightfully (in these times when) the new rainy cloulds are spreading out, driving away the flamingoes (*or* in Apabhraṁśas rich with fresh diction and poetic meanings).

—**Svayambhūdeva** at *Svayambhūcchandas*, VII, 25.2

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

GENERAL EDITORS' FOREWORD

The Prakrit Text Society has great pleasure in bringing out the Jāyava-kaṁḍa (Yādava-kāṁḍa) as Part I of Svayambhūdeva's *Riṭṭhaṇemicarīya* (Ariṣṭanemi-Carita) or *Harivaṁsapurāṇa* (Harivaṁśapurāṇa) edited by Prof. Ramsinh Tomar. In the Foreword to Part II (1) published a few months back we had expressed our intention to publish the Hindi translation of the Kurukāṇḍa as the follow-up volume. But in view of long delay likely to be involved in the printing work, we have decided to publish in the first instance the entire text of the *Riṭṭhaṇemicarīya*, and then publish a volume containing the Introduction and the Hindi translation of the whole work by Prof. Tomar. The printing of the text of the Jujjha-kaṁḍa (Yuddha-kāṇḍa) is under way and we hope to bring out a convenient section shortly. It is hoped the survey of the Kṛṣṇa-kathā in Apabhraṁśa literature, prefacing the presented text, will be useful to the students of the subject.

Dalsukh Malvania

H. C. Bhayani

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयानुक्रम

General Editors' Foreword		7
अपभ्रंश साहित्य में कृष्णकाव्य		9

पढमं जायव-कंडं

पढमो संधि	समुद्दविजयाहिसेओ	१
विईओ संधि	गंधव्वसेणा-लंभो	८
तईओ संधि	रोहिणी-सयंवरो	१५
चउत्थो संधि	हरि-कुल-वंसुप्पत्ती	२३
पंचमो संधि	गोविंद-बाल-कीला	३०
छट्ठो संधि	मुट्ठिय-चाणूर-कंस-मद्दणं	३७
सत्तमो संधि	जायव कुल-णिग्गमणं	४५
अट्ठमो संधि	णेमि-जम्माभिसेओ	५४
णवमो संधि	रुप्पिणी-अवहरणं	६१
दसमो संधि	पज्जुण्ण-हरणं	७१
एगारहमो संधि	पज्जुण्ण-लीला	७७
बारहमो संधि	पज्जुण्ण-मिलणं	८५
तेरहमो संधि	पज्जुण्ण-विवाहो	९३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपभ्रंश साहित्य में कृष्णकाव्य

१. प्रास्ताविक

अपभ्रंश साहित्य में कृष्ण विषयक काव्यों का स्वरूप, रचना, प्रकार और महत्त्व कैसा था यह समझने के लिए सबसे पहले उस साहित्य से सम्बन्धित कुछ सर्वसाधारण और प्रास्ताविक तथ्यों पर लक्ष्य देना आवश्यक होगा।

समय की दृष्टि से अपभ्रंश साहित्य छठवीं शताब्दी से लेकर बारहवीं शताब्दी तक पनपा और बाद में उसका प्रवाह क्षीण होता हुआ भी चार सो-पाँच सो वर्षों तक बहता रहा। इतने दीर्घ समयपट पर फैले हुए साहित्य के सम्बन्ध में हमारी जानकारी कई कारणों से अत्यन्त अधूरी है।

पहला कारण तो यह कि नवीं शताब्दी के पूर्व की एक भी अपभ्रंश पूरी कृति अब तक हमें हस्तगत नहीं हुई है। तीन सौ साल का प्रारम्भिक कालखण्ड सारा का सारा अन्धकार से आवृत सा है और बाद के समय में भी दसवीं शताब्दी तक की कृतियों में से बहुत स्वल्प संख्या उपलब्ध है। दूसरा यह कि अपभ्रंश की कई एक लाक्षणिक साहित्यिक विधाओं की एकाध ही कृति बची हैं और वह भी ठीक उत्तरकालीन है। ऐसी पूर्वकालीन कृतियों के नाममात्र से भी हम वंचित हैं। इससे अपभ्रंश के प्राचीन साहित्य का चित्र पूर्णतः धुंधला और कई स्थलों पर तो बिल्कुल कोरा हैं। तीसरा यह कि अपभ्रंश का अधिकांश उपलब्ध साहित्य धार्मिक साहित्य है और वह भी स्वल्प अपवादों के सिवा केवल जैन साहित्य है। जैनेतर—हिन्दू एवं बौद्ध—साहित्य की और शुद्ध साहित्य की केवल दो-तीन ही रचनाएं मिली हैं। इस तरह प्राप्त अपभ्रंश साहित्य जैन-प्राय है और इस बात का श्रेय जैनियों की ग्रन्थ-सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थित पद्धति को देना चाहिए। यदि एसी परिस्थिति न होती तो अपभ्रंश साहित्य का चित्र और भी खण्डित एवं एकांगी रहता। इस सिलसिले में एक अन्य बात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का भी निर्देश करना होगा। जो कुछ अपभ्रंश साहित्य बच गया है उसमें से भी बहुत थोडा अंश अब तक प्रकाशित हो सका है। बहुत सी कृतियाँ भण्डारों में हस्तलिखित प्रतियों के ही रूप में होने से असुलभ हैं।

इन सबके कारण अपभ्रंश साहित्य के कोई एकाध अंग या पहलू का भी वृत्तान्त तैयार करने में अनेक कठिनाइयाँ सामने आती हैं और फलस्वरूप वह वृत्तान्त अपूर्ण रूप में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। यह तो हुई सर्वसाधारण अपभ्रंश साहित्य की बात। फिर यहाँ पर हमारा सीधा सम्बन्ध कृष्णकाव्यों के साथ हैं। अतः हम उसकी बात लेकर चलें।

भारतीय साहित्य के इतिहास की दृष्टि से जो अपभ्रंश का उत्कर्षकाल हैं वही है कृष्णकाव्य का मध्याह्नकाल। संस्कृत एवं प्राकृत में इसी काल-खण्ड में पौराणिक और काव्यसाहित्य को अनेकानेक कृष्ण विषयक रचनाएं हुई। हरिवंश, विष्णुपुराण, भागवतपुराण आदि की कृष्णकथाओं ने तत्कालीन साहित्य रचनाओं के लिए एक अक्षय मूलस्रोत का काम किया है। विषय, शैली आदि की दृष्टि से अपभ्रंश साहित्य पर संस्कृत-प्राकृत साहित्य का प्रभाव गहरा एवं लगातार पडता रहा। अतः अपभ्रंश साहित्य में भी कृष्ण विषयक रचनाओं की दीर्घ और व्यापक परम्परा का स्थापित होना अत्यन्त सहज था। किन्तु उपरिवर्णित परिस्थिति के कारण न तो हमें अपभ्रंश का एक भी शुद्ध कृष्णकाव्य प्राप्त है और न एक भी जैनेतर कृष्णकाव्य। और जैन परम्परा की जो रचनाएं मिलतीं है वे भी अधिकांश अन्य बृहत् पौराणिक रचनाओं के अंश रूप मिलतीं है। इतना ही नहीं, उनमेंसे अधिकांश कृतियाँ अब तक अप्रकाशित है। इसका अर्थ यह नहीं होता कि अपभ्रंश का उक्त कृष्णसाहित्य काव्यगुणों से वंचित है पर इतना तो अवश्य हैं कि कृष्णकथा जैन साहित्य का अंश रहने से तज्जन्य मर्यादाओं से वह बाधित है।

२. जैन कृष्णकथा का स्वरूप

वैदिक परम्परा की तरह जैन परम्परा में भी कृष्णचरित्र पुराणकथाओं का ही एक अंश था। जैन कृष्णचरित्र वैदिक परम्परा के कृष्णचरित्र का ही सम्प्रदायानुकूल रूपान्तर था। यही परिस्थिति रामकथा आदि कई अन्य पुराणकथाओं के बारे में भी है। जैन परम्परा इतर परम्परा के मान्य कथास्वरूप में व्यावहारिक दृष्टि से एवं तर्कबुद्धि की दृष्टि से कुछ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंगतियां बताकर उसे मिथ्या कहती है और उससे भिन्न स्वरूप की कथा, जिसे वह सही समझती है प्रस्तुत करती है। तथापि जहां-जहां तक सभी मुख्य पात्रों का, मुख्य घटनाओं का और उनके क्रमादि का सम्बन्ध है वहां सर्वत्र जैन परम्परा ने हिन्दू परम्परा का ही अनुसरण किया है।

जैन कृष्णकथा में भी मुख्य-मुख्य प्रसंग, उनके क्रम, एवं पात्र के स्वरूप आदि दीर्घकालीन परम्परा से नियत हैं। अतः जहाँ तक कथानक का सम्बन्ध है जैन कृष्णकथा पर आधारित विभिन्न कृतियों में परिवर्तनों के लिए स्वल्प अवकाश था। फिर भी कुछ छोटे मोटे विवरणों कार्यों के प्रवृत्ति-निमित्तों एवं निरूपण की इयत्ता के विषय में एक कृति और दूसरी कृति के बीच पर्याप्त मात्रा में अन्तर है। दिगम्बर और श्वेताम्बर परम्परा के कृष्णचरित्रों की भी अपनी-अपनी विशिष्टताएं हैं और उनमें भी कभी कभी एक धारा के अनुसरणकर्ताओं में भी आपस-आपस में कुछ भिन्नता देखी जाती है। मूल कथानक को कुछ विषयों में सम्प्रदायानुकूल करने के लिए कोई सर्वमान्य प्रणालिका के अभाव में जैन रचनाकारों ने अपने-अपने मार्ग बना लिए हैं।

जैन कृष्णचरित्र के अनुसार कृष्ण न तो कोई दिव्य पुरुष थे न तो ईश्वर के अवतार या 'भगवान् स्वयं'। वे मानव ही थे, पर थे एक असामान्य शक्तिशाली वीरपुरुष एवं सम्राट। जैन पुराणकथा के अनुसार प्रस्तुत कालखण्ड में तरसठ महापुरुष या शलाका-पुरुष हो गए हैं। चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नव वासुदेव (या नारायण), नव बलदेव और नव प्रतिवासुदेव। वासुदेवों की समृद्धि, सामर्थ्य एवं पदवी चक्रवर्तियों से आधी होती थी। प्रत्येक वासुदेव तीन खण्ड पर शासन चलाता था। वह अपने प्रतिवासुदेव का युद्ध से संहार करके वासुदेवत्व प्राप्त करता था और इस कार्य में प्रत्येक बलदेव उसका साहाय्य करता था। राम, लक्ष्मण और रावण क्रमशः आठवे बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव थे। नवीं त्रिपुटी थी कृष्ण, बलराम और जरासन्ध।

तिरसठ महापुरुषों के चरित्रों को ग्रथित करने वाली रचनाओं को 'त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित' या 'त्रिषष्टिमहापुरुषचरित' ऐसा नाम दिया गया है। जब नव प्रतिवासुदेवों की गिनती नहीं की जाती थी तब ऐसी रचना 'चतुष्पंचाशत्महापुरुषचरित' कहलाती थी। दिगम्बर परम्परा में उसको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'महापुराण' भी कहा जाता था। महापुराण में दो विभाग होते थे—आदिपुराण और उत्तरपुराण। आदिपुराण में प्रथम तीर्थंकर और प्रथम चक्रवर्ती के चरित्र दिए जाते थे। उत्तरपुराण में शेष महापुरुषों के चरित्र।

सभी महापुरुषों के चरित्रों का निरूपण करने वाली ऐसी रचनाओं के अलावा कोई एक तीर्थंकर, चक्रवर्ती, वासुदेव आदि के चरित्र को लेकर भी कृतियां रची जातीं थीं। ऐसी रचनाएं 'पुराण' नाम से ख्यात थीं। कृष्ण वासुदेव का चरित्र तीर्थंकर अरिष्टनेमि के चरित्र के साथ संलग्न था। उनके चरित्रों को लेकर की गई रचनाएं 'हरिवंश' या 'अरिष्टनेमिपुराण' के नाम से ज्ञात हैं।

जहाँ कृष्ण वासुदेव और बलराम की कथा स्वतन्त्र रूप से प्राप्त है, वहां भी वह अन्य एकाधिक कथाओं के साथ संलग्न तो रहती ही है। जैन कृष्णकथा नियम से ही अल्पाधिक मात्रा में अन्य तीन चार विभिन्न कथासूत्रों के साथ गुम्फित रहती है। एक कथासूत्र होता है कृष्णपिता वसुदेव के परिभ्रमण की कथा का, दूसरा बाइसवें तीर्थंकर अरिष्टनेमि के चरित्र का, तो तीसरा कथासूत्र होता है पाण्डवों के चरित्र का। इनके अतिरिक्त मुख्य-मुख्य पात्रों के भवान्तरों की कथाएं भी दी जाती हैं। वसुदेव ने एक सौ बरस तक विविध देशों में परिभ्रमण करके अनेकानेक मानवों और विद्याधरों की कन्याएं प्राप्त की थीं—उसकी रसिक कथा 'वसुदेवहिण्डि' के नाम से जैन परम्परा में प्रचलित थी। वास्तव में वह गुणाढ्य की लुप्त 'बृहत्कथा' का ही जैन रूपान्तर था। कृष्णकथा के प्रारम्भ में वासुदेव का वंशवर्णन और चरित्र आता है। वहीं पर वसुदेव की परिभ्रमणकथा भी छोटे-मोटे रूप में दी जाती है।

अरिष्टनेमि कृष्ण वासुदेव के चचेरे भाई थे। बाईसवें तीर्थंकर होने से उनका चरित्र जैनधर्मियों के लिए सर्वाधिक महत्त्व रखता है। अतः अनेक बार कृष्णचरित्र नेमिचरित्र के अंग रूप में मिलता है। इनके अतिरिक्त पाण्डवों के साथ एवं पाण्डव–कौरव युद्ध के साथ कृष्ण का घनिष्ठ सम्बन्ध होने से कृष्ण के उत्तरचरित्र के साथ महाभारत की कथा भी ग्रथित होती थी। फलस्वरूप ऐसी रचनाओं का 'जैन महाभारत' ऐसा भी एक नाम प्रचलित था। इस प्रकार सामान्यतः जिस अंश को प्राधान्य दिया गया हो उसके अनुसार कृष्णचरित्र विषयक रचनाओं को 'अरिष्टनेमिचरित्र'(या 'नेमिपुराण'), 'हरिवंश', 'पाण्डव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुराण', 'जैन महाभारत' आदि लाक्षणिक नाम दिए गए हैं। किन्तु इस विषय में सर्वत्र एकवाक्यता नहीं है। किसी विशिष्ट अंश को समान प्राधान्य देने वाली कृतियों के भिन्न-भिन्न नाम भी मिलते हैं।

जैसे कि आरम्भ में सूचित किया था, जैन पुराणकथाओं का स्वरूप पर्याप्त मात्रा में रूढ़िबद्ध एवं परम्परानियत था। दूसरी ओर अपभ्रंश कृतियों में भी विषय, वस्तु आदि में संस्कृतप्राकृत की पूर्व प्रचलित रचनाओं का अनुसरण होता था। इसलिए यहाँ पर अपभ्रंश कृष्णकाव्य का विवरण एवं आलोचना प्रस्तुत करने के पहले जैन परम्परा को मान्य कृष्णकथा की एक सामान्य रूपरेखा प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। इससे उत्तरवर्ती आलोचना आदि के लिए आवश्यक सन्दर्भ सुलभ हो जायगा। नीचे दी गई रूपरेखा सन् ७८४ में रचित दिगम्बराचार्य जिनसेन के संस्कृत 'हरिवंश-पुराण' के मुख्यतः ३३, ३४, ३५, ३६, ४० और ४१ इन सर्गों पर आधारित है। श्वेताम्बराचार्य हेमचन्द्र के सन् ११६५ के करीब रचे हुए संस्कृत 'त्रिशष्टिशलाकापुरुषचरित' के आठवे पर्व में भी सविस्तार कृष्ण-चरित्र है। जिनसेन के वृत्तान्त से हेमचन्द्र का वृत्तान्त कुछ भेद रखता है। कुछ महत्त्व की विभिन्नताएं पादटिप्पणियों से सूचित की गई हैं।[1] कृष्णचरित्र अत्यन्त विस्तृत होने से यहां पर उसकी सर्वांगीण समालोचना करना सम्भव नहीं है। जैन कृष्णचरित के स्पष्ट रूप से दो विभाग किए जा सकते हैं। कृष्ण और यादवों के द्वारावती-प्रवेश तक एक विभाग और शेष चरित्र का दूसरा विभाग। पूर्वभाग में कृष्ण जितने केन्द्रवर्ती है उतने उत्तर भाग में नहीं है। इसलिए नीचे दी गई रूपरेखा पूर्व-कृष्ण-चरित्र तक सीमित की गई है।

३. जैन कृष्णकथा की रूपरेखा

हरिवंश में, जो कि हरिराजा से शुरू हुआ था, कालक्रम से मथुरा में यदु नामक राजा हुआ। उसके नाम से उसके वंशज यादव कहलाए। यदु का पुत्र नरपति हुआ और नरपति के पुत्र शूर और सुवीर। सुवीर को मथुरा का राज्य देकर शूर ने कुशद्य देश में शौर्यपुर बसाया। शूर के अन्धकवृष्णि

१. 'हरिवंशपुराण' का संकेत-हपु. और 'त्रिशष्टिशलाकापुरुषचरित' का संकेत 'त्रिच.' रखा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि पुत्र हुए और सुवीर के भोजकवृष्णि आदि। अन्धकवृष्णि के दस पुत्र हुए। उनमें सबसे बडा समुद्रविजय और सबसे छोटा वसुदेव था। ये सब दशार्ह नाम में ख्यात हुए। कुन्ती और मद्री ये दो अन्धकवृष्णि की पुत्रियां थीं। भोजकवृष्णि के उग्रसेन आदि पुत्र थे। क्रम से शौर्यपुर के सिंहासन पर समुद्रविजय और मथुरा के सिंहासन पर उग्रसेन आरूढ हुए।

अतिशय सौन्दर्य युक्त वसुदेव से मन्त्रमुग्ध होकर नगर की स्त्रियां अपने घरबार की उपेक्षा करने लगी। नागरिकों की शिकायत से समुद्रविजय ने युक्तिपूर्वक वसुदेव के घर से बाहर निकलने पर नियन्त्रण लगा दिया। वसुदेव को एक दिन अकस्मात् इसका पता लग गया। उसने प्रच्छन्न रूप से नगर छोड दिया। जाते-जाते उसने लोगों में ऐसी बात फैलाई कि वसुदेव ने तो अग्निप्रवेश करके आत्महत्या कर ली। बाद में वह कई देशों में भ्रमण करके और बहुत सी मानव कन्याएं एवं विद्याधरकन्याएं प्राप्त कर एक सौ वर्ष के बाद अरिष्टपुर की राजकुमारी रोहिणी के स्वयंवर में आ पहुंचा। रोहिणी ने उसका वरण किया। वहां आये समुद्रविजय आदि बन्धुओं के साथ उसका पुनर्मिलन हुआ। वसुदेव को रोहिणी से राम नामक पुत्र हुआ। कुछ समय के बाद वह शौर्यपुर में वापिस आ गया और वहाँ धनुर्वेद का आचार्य बनकर रहा। मगधराज जरासंध ने घोषणा कर दी कि जो सिंहपुर के राजा सिंहरथ को जीते पकड के उसे सौंपेगा उसको अपनी कुमारी जीवद्यशा एवं मनपसन्द एक नगर दिया जाएगा। वसुदेव ने यह कार्य उठा लिया। संग्राम में सिंहरथ को वसुदेव के कंस नामक एक प्रिय शिष्य ने पकड़ लिया। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार जीवद्यशा देने के पहले जरासंध ने जब अज्ञातकुल कंस के कुल की जांच की तब ज्ञात हुआ कि वह उग्रसेन का ही पुत्र था। जब वह गर्भ में था तब उसकी जननी को प्रतिमांस खाने का दोहद हुआ था। पुत्र कहीं पितृघातक होगा इस भय से जननी ने जन्मते ही पुत्र को एक काँसे की पेटी में रखकर यमुना में बहा दिया था। एक कलालिन ने पेटी में से बालक को निकाल कर अपने पास रख लिया था। कंस नामक यह बालक जब बड़ा हुआ तब उसकी उग्र कलहप्रियता के कारण कलालिन ने उसको घर से निकाल दिया था। तब से वह धनुर्वेद की शिक्षा प्राप्त करता हुआ वसुदेव के पास ही रहता था और उसका बहुत प्रीतिपात्र बन गया था। इसी समय कंस ने भी पहली बार अपना सही वृत्तान्त जाना। तो उसने पिता से अपने वैर का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बदला लेने के लिए जरासन्ध से मथुरा नगर मांग लिया। वहाँ जाकर उसने अपने पिता उग्रसेन को परास्त किया और उसको बंदी बनाकर दुर्ग के द्वार के समीप रखा दिया। कंस ने वासुदेव को मथुरा बुला लिया और गुरुदक्षिणा के रूप में अपनी बहन देवकी उसको दी।

देवकी के विवाहोत्सव में जीवद्यशा ने अतिमुक्तक मुनि का अपराध किया।[1] फलस्वरूप मुनि ने भविष्यकथन के रूप में कहा कि जिसके विवाह में मत्त होकर नाच रही हो उसके ही पुत्र से तेरे पति का एवं पिता का विनाश होगा। भयभीत जीवद्यशा से यह बात जानकर कंस ने वसुदेव को इस वचन से प्रतिबद्ध कर दिया कि प्रत्येक प्रसूति के पूर्व देवकी को जाकर कंस के आवास में ठहरना होगा।[2] बाद में कंस का मलिन आशय ज्ञात होने पर वसुदेव ने जाकर अतिमुक्तक मुनि से जान लिया कि प्रथम छ पुत्र चरमशरीरी होंगे इसलिए उनकी अपमृत्यु नही होंगी और सातवां पुत्र वासुदेव बनेगा और वह कंस का घातक होगा। इसके बाद देवकी ने तीन बार युगल पुत्रों को जन्म दिया। प्रत्येक बार इन्द्राज्ञा से नैगम देव ने उनको उठाकर भद्रिलनगर के सुदृष्टि श्रेष्ठी की पत्नी अलका के पास[3] रख दिया। और अलका के मृतपुत्रों को देवकी के पास रख दिया। इस बात से अज्ञात प्रत्येक बार कंस इन मृत पुत्रों को पछाड़ कर समझता था कि मैंने देवकी के पुत्रों को मार डाला।

देवकी के सातवें पुत्र कृष्ण का जन्म सात मास के गर्भवास के बाद भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को रात्रि के समय हुआ।[4] बलराम नवजात शिशु को

---

१. दीक्षा लेने के पूर्व अतिमुक्तक कंस का छोटा भाई था। हपु. के अनुसार जीवद्यशा ने हंसते-हंसते, अतिमुक्तक मुनि के सामने देवकी का रजोमलिन वस्त्र प्रदर्शित करके उनकी आशातना की। त्रिच. के अनुसार मदिरा के प्रभाव-वश जीवद्यशा ने अतिमुक्तक मुनि के गले लग कर अपने साथ नृत्य करने को निमंत्रित किया।

२. त्रिच. के अनुसार जन्मते ही शिशु अपने को सौंप देने का वचन कंस ने वसुदेव से ले लिया था।

३. त्रिच. में सेठ सेठानी के नाम नाग और सुलसा हैं।

४. त्रिच. के अनुसार कृष्ण जन्म की तिथि और समय श्रावण कृष्णाष्टमी और मध्यरात्री है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उठा कर घर से बाहर निकल गया। घनघोर वर्षा से उसकी रक्षा करने के लिए वसुदेव उसपर छत्र धरकर चलता था।[1] नगर के द्वार कृष्ण के चरण-स्पर्श से खुल गए।[2] उसी समय कृष्ण को छींक आई। यह सुनते वहां बन्धन में रखे हुए उग्रसेन ने आशिष का उच्चारण किया। वसुदेव ने उसको यह रहस्य गुप्त रखने को कहा। कृष्ण को लेकर वसुदेव और बलराम नगर से बाहर निकल गए। देदीप्यमान शृंगधारी दैवी वृषभ उनको मार्ग दिखाता उनके आगे-आगे दौड रहा था। यमुना नदी का महाप्रवाह कृष्ण के प्रभाव से विभक्त हो गया। नदी पार करके वसुदेव वृन्दावन पहुंचा और वहां पर गोष्ठ में बसे हुए अपने विश्वस्त सेवक नन्दगोप और उसकी पत्नी यशोदा को कृष्ण को सौंपा। उनकी नवजात कन्या अपने साथ लेकर वसुदेव और बलराम वापस आए। कंस प्रसूति की खबर पाते ही दौड़ता आया। कन्या जान कर उसकी हत्या तो नहीं की फिर भी उसके भावी पति की ओर से भय होने की आशंका से उसने उसकी नाक को दबा कर चिपटा कर दिया।

गोपगोपीजनों के लाडले कृष्ण व्रज में वृद्धि पाने लगे। कंस के ज्योतिषी ने बताया कि तुम्हारा शत्रु कहीं पर बडा हो रहा है। कंस ने अपना सहायक देवियों को आदेश दिया कि वे शत्रु को ढूंढ निकालें और उसका नाश करें। इस आदेश से एक देवी ने भीषण पक्षी का रूप लेकर कृष्ण पर आक्रमण किया। कृष्ण ने उसकी चोंच दबाइ तो वह भाग गई।[3] दूसरी देवी पूतना का रूप धारण कर अपने विषलिप्त स्तन से कृष्ण को स्तनपान कराने लगी। तब देवों ने कृष्ण के मुख में अतिशय

---

१. त्रिच. के अनुसार देवकीके परामर्श से वसुदेव कृष्ण को गोकुल ले चला। इसमें कृष्ण पर छत्र धरने का कार्य उनकी रक्षक देवताएं करतीं हैं।

२. त्रिच. के अनुसार देवताएं आठ दीपिकाओं से मार्ग को प्रकाशित करती थी और उन्होंने श्वेत वृषभ का रूप धरकर नगर द्वार खोल दिए थे।

३. त्रिच. के अनुसार ये प्रारम्भ के उपद्रव कंस की ओर से नहीं, अपितु वसुदेव के बैरी शूर्पक विद्याधर की ओर से आये थे। विद्याधरपुत्री शकुनी शकट के उपर बैठ कर नीचे खेल रहे कृष्ण को दबाकार मारने का प्रयास करती है। और पूतना नामक दूसरी पुत्री कृष्ण को विषलिप्त स्तन पिलाती है। कृष्ण की रक्षक देवियां दोनों का नाश करतीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदान किया। इससे पूतना का स्तनाग्र इतना दब गया कि वह भी चिल्लाती भाग गई। तीसरी शकट रूपधारी पिशाची जब धावा मारती आई तब कृष्ण ने लात लगाकर शकट को तोड डाला। कृष्ण के बहुत ऊधमों से तंग आकर यशोदा ने एक बार उनको ऊखली के साथ बांध दिया।[1] उस समय दो देवियां यमलार्जुन का रूप धरकर कृष्ण को मारने को आई। कृष्ण ने दोनों को गिरा दिया। छठवीं वृषभ रूपधारी देवी की गरदन मोडकर उसको भगा दिया और सातवीं देवी जब कठोर पाषाण-वर्षा करने लगी तब कृष्ण ने गोवर्धन गिरि ऊंचा उठाकर सारे गोकुल की रक्षा की।

कृष्ण के पराक्रमों की बात सुनकर उनको देखने के लिए देवकी बलराम को साथ लेकर गोपूजन को निमित्त बनाकर गोकुल आई और गोपवेश कृष्ण को निहार कर वह आनन्दित हुई और मथुरा वापस गई। बलराम प्रतिदिन कृष्ण को धनुर्विद्या और अन्य कलाओं की शिक्षा देने के लिए मथुरा से आते थे।[2]

बालकृष्ण गोपकन्याओं के साथ रास खेलते थे। गोपकन्याएं कृष्ण के स्पर्श सुख के लिए उत्सुक रहतीं थीं, किन्तु कृष्ण स्वयं निर्विकार थे। लोग कृष्ण की उपस्थिति में अत्यन्त सुख का और उनके वियोग में अत्यन्त दुःख का अनुभव करते थे।

एक बार शंकित होकर कंस स्वयं कृष्ण को देखने के लिए गोकुल आया। यशोदा ने पहले से ही कृष्ण को दूर वन में कहीं भेज दिया। वहां पर भी कृष्ण ने ताडवी नामक पिशाची को मार भगाया एवं मण्डप बनाने के लिए शाल्मलि की लकडी के अत्यन्त भारी स्तम्भों को अकेले ही

---

१. त्रिच. के अनुसार बालकृष्ण कहीं चला न जाय इसलिए उनको ऊखली के साथ बांधकर यशोदा कहीं बाहर गई। तब शूर्पक के पुत्र ने यमलार्जुन बनकर कृष्ण को दबाकर मारना चाहा। किन्तु देवताओं ने उसका नाश किया। त्रिच. में गोवर्धन की बात नहीं है।

२. त्रिच. के अनुसार कृष्ण के पराक्रमों की बात फैलने से वसुदेव ने कृष्ण की सुरक्षा के लिए बलराम को भी नन्द-यशोदा को सौंप दिया। उनसे कृष्ण ने विद्याकलाएं सीखी।

२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उठा लिया । इससे कृष्ण के सामर्थ्य के विषय में यशोदा निःशङ्क हो गई और कृष्ण को वापिस लौटा लिया ।

मथुरा वापिस आकर कंस ने शत्रु का पता लगाने के लिए ज्योतिषी के कहने पर ऐसी घोषणा कर दी कि जो मेरे पास रखी गई सिंहवाहिनी नागशय्या पर आरुढ हो सके, अजितञ्जय धनुष्य को चढा सके एवं पाञ्चजन्य शङ्ख को फूंक सके उसको अपनी मनमानी चीज प्रदान की जाएगी । अनेक राजा ये कार्य सिद्ध करने में निष्फल हुए । एक बार जीवयशा का भाई भानु कृष्ण का बल देखकर उनको मथुरा ले गया और वहाँ कृष्ण ने तीनों पराक्रम सिद्ध किए ।[1] इससे कंस की शङ्का प्रबल हो गइ । किन्तु बलराम ने शीघ्र ही कृष्ण को व्रज भेज दिया ।

कृष्ण का विनाश करने के लिए कंस ने गोप लोगों को आदेश दिया कि यमुना के ह्रद में से कमल लाकर भेंट करें । इस ह्रद में भयंकर कालियनाग रहता था । कृष्ण ने ह्रद में प्रवेश करके कालिय का मर्दन किया और वह कमल लेकर बाहर आए ।[2] जब कंस को कमल भेंट किए गए तब उसने नन्द के पुत्र के सहित सभी गोपकुमारों को मल्लयुद्ध के लिए उपस्थित होने का आदेश दिया । अपने बहुत से मल्लों को उसने युद्ध के लिए तैयार कर रखा था ।

कंस का मलिन आशय जानकर वसुदेव ने भी मिलन के निमित्त से अपने नव भाइयों को मथुरा में बुला लिया ।

---

१. त्रिच. के अनुसार जो शार्ङ्ग धनुष्य चढा सके उसको अपनी बहिन सत्यभामा देने की घोषणा कंस ने की । और इस कार्य के लिए कृष्ण को मथुरा ले जाने वाला कृष्ण का ही सोतेलाभाई अनाधृष्टि था ।

२, त्रिच. में कालियमर्दन का और कमल लाने का प्रसङ्ग कंस की मल्लयुद्ध घोषणा के बाद आते हैं । त्रिच. के अनुसार कंस गोपों को मल्लयुद्ध के लिए लाने का कोई आदेश नहीं भेजता है । उसने जो मल्लयुद्ध के उत्सव का प्रबंध किया था उसमें सम्मिलित होने के लिए कृष्ण और बलराम कौतुकवश स्वेच्छा से चलते हैं । जाने के पहले जब कृष्ण स्नान के लिए यमुना में प्रवेश करते है तब कंस का मित्र कालिय डसने को आता है । तब कृष्ण उसको नाथ कर उस पर आरूढ होकर उसे खूब घुमाते है और निर्जीव सा करके छोड देते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बलराम गोकुल गए और कृष्ण को अपने सही माता पिता, कुल आदि घटनाओं से परिचित किया। इससे रुष्ट होकर कृष्ण, कंस का संहार करने को उत्सुक हो उठे। दोनों भाई मल्लवेश धारण करके मथुरा की ओर चले। मार्ग में कंस से अनुरक्त तीन असुरों ने क्रमशः नाग के, गधे के और अश्व के रूप में उनको रोकने आ प्रयास किया। कृष्ण ने तीनों का नाश कर दिया।[1] मथुरा के नगरद्वार पर कृष्ण और बलराम जब आ पहुंचे तब इनके उपर कंस के आदेश से चम्पक और पादाभर[2] नामक दो मदमत्त हाथी छोड़े गए। बलराम ने चम्पक को और कृष्ण ने पादाभर को उनके दन्त उखाड़ कर मार डाला।

नगर प्रवेश करके वे अखाड़े में आये। बलराम ने इशारे से कृष्ण को वसुदेव अन्य दाशार्ह कंस आदि की पहचान कराई। कंस ने चाणूर और मुष्टिक इन दो प्रचण्ड मल्लों को कृष्ण के सामने भेजा। किन्तु कृष्ण में एक सहस्र सिंह का और बलराम में एक सहस्र हाथी का बल था। तो कृष्ण ने चाणूर को मसल कर मार डाला और बलराम ने मुष्टिक के प्राण मुष्टि प्रहार से हर लिए। इतने में स्वयं कंस तीक्ष्ण खड्ग लेकर कृष्ण के सामने आया। कृष्ण ने खड्ग छीन लिया। कंस को पृथ्वी पर पटक दिया। उसे पैरों से पकडकर पत्थर पर पछाडकर मार डाला।[3]

---

१. त्रिच. मे सर्पशय्या पर आरोहण और कालियमर्दन इन पराक्रमों को जब कृष्ण ग्यारह साल के थे तब करने की बात है। त्रिच. के अनुसार कृष्ण की कसोटी के लिए ज्योतिषी के कहने पर कंस अरिष्ठ नामक वृषभ को, केशी नामक अश्व को, एक खर को और एक मेष को कृष्ण की ओर भेजता है। इन सबको कृष्ण मार डालते हैं। ज्योतिषी ने कंस से कहा था कि जो इनको मारेगा वही कालिय का मर्दन करेगा, मल्लों का नाश करेगा और कंस का भी धात करेगा।

२. त्रिच. मे 'पादाभर' के स्थान पर 'पद्मोत्तर' ऐसा नाम है।

३. त्रिच. के अनुसार प्रथम कंस कृष्ण और बलराम को मार डालने का अपने सैनिकों को आदेश देता है। तब कृष्ण कूदकर मंच पर पहुंचते है और केशों से खींच पर कंस को पटकते हैं। बाद मे चरणप्रहार से उसका सिर कुचल कर उसको मण्टप के बाहर फेंक देते है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और एक प्रचण्ड अट्टहास किया। आक्रमण करने को खडी हुई कंस की सेना को बलराम ने मंच का खंभा उखाड़ कर प्रहार करके भगा दिया। वहाँ पर कृष्ण पिता और स्वजनों से मिले। उग्रसेन को बन्धनमुक्त किया और उसको मथुरा के सिंहासन पर फिर से बैठाया। जीवद्यशा जरासन्ध के पास जा पहुंची। कृष्ण ने विद्याधरकुमारी सत्यभामा[1] के साथ और बलराम ने रेवती के साथ विवाह किया।

कंसवध पर बदला लेने के लिए जरासन्ध ने अपने पुत्र कालयवन को बडी सेना के साथ भेजा।[2] सत्रह बार यादवों के साथ युद्ध करके अन्त में वह मारा गया। तत्पश्चात् जरासन्ध का भाई अपराजित तीन सो छियालिस बार युद्ध करके कृष्ण के बाणों से मारा गया। तब प्रचण्ड सेना लेकर स्वयं जरासन्ध ने मथुरा की ओर प्रयाण किया। इसके भय से अठारह कोटि यादव मथुरा छोडकर पश्चिम दिशा की ओर चल पडे। जरासन्ध ने उनका पीछा किया। विन्ध्याचल के पास जब जरासन्ध आया तब कृष्ण की सहायक देवियों ने अनेक चिताएं रची और वृद्धा के रूप धारणकर उन्होंने जरासन्ध को समझा दिया कि उससे भागते हुए यादव कहीं शरण न पाने से सभी जल कर मर गए। इस बात को सही मान कर जरासन्ध वापिस लौटा। जब यादव समुद्र के निकट पहुंचे तब कृष्ण और बलराम की तपश्चर्या से प्रभावित इन्द्र ने गौतम देव को भेजा। उसने समुद्र को दूर हटाया। वहां पर समुद्रविजय के पुत्र एवं भावी तीर्थंकर नेमिनाथ की भक्ति से प्रेरित कुबेर ने द्वारका नगरी का निर्माण किया। उसने बारह योजन लम्बी और नौ योजन चौडी, वज्रमय कोट से युक्त इस नगरी में

---

१. त्रिच. के अनुसार सत्यभामा कंस की ही बहन थी।

२. त्रिच. के अनुसार पहले जरासन्ध समुद्रविजय के पास कृष्ण और बलराम को उसको सौंप देने का आदेश भेजता है। समुद्रविजय इस आदेश का तिरस्कार करता है। बाद में ज्योतिषी की सलाह से यादव मथुरा छोडकर चल देते है। जरासन्ध का पुत्र काल यादवों को मारने की प्रतिज्ञा करके अपने भाई यवन और सहदेव को साथ लेकर यादवों का पीछा करता है। रक्षक देवताओं से दिए गए यादवों के अग्निप्रवेश के समाचार सही मान कर वह प्रतिज्ञा की पूर्ति के लिए स्वयं अग्निप्रवेश करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सभी के लिए योग्य आवास बनाये और कृष्ण को अनेक दिव्य शस्त्रास्त्र, रथ आदि भेंट किये।

यहां पर पूर्वकृष्णचरित्र समाप्त होता है। उत्तरकृष्णचरित्र के मुख्यतः निम्न विषय है :

रुक्मिणीहरण, शाम्बप्रद्युम्नउत्पत्ति, जाम्बवतीपरिणय, कुरुवंशोत्पत्ति, द्रौपदीलाभ, कीचकवध, प्रद्युम्नसमागम, शाम्बविवाह, जरासन्ध के साथ युद्ध एवं पाण्डव-कौरव-युद्ध, कृष्ण का विजयोत्सव, द्रौपदीहरण, दक्षिण मथुरा-स्थापन, नेमिनिष्क्रमण, केवलज्ञानप्राप्ति, धर्मोपदेश, विहार, द्वारावतीविनाश, कृष्ण की मृत्यु, बलराम की तपश्चर्या, पाण्डवों को प्रव्रज्या और नेमिनिर्वाण।

भिन्न-भिन्न अपभ्रंश कृतियों में उपलब्ध उपर्युक्त रूपरेखा में कतिपय बातों में अन्तर पाया जाता है। आगे यथाप्रसंग उसका निर्देश किया जायेगा।

*

अब हम कृष्णविषयक विभिन्न अपभ्रंश रचनाओं का परिचय देंगे।

अपभ्रंश साहित्य में अनेक कवियों की कृष्णविषयक रचनाएं हैं। जैन कवियों में नेमिनाथ का चरित्र अत्यन्त रूढ और प्रिय विषय था और कृष्णचरित्र उसीका एक अंश होने से अपभ्रंश में कृष्णकाव्यों की कोई कमी नहीं है। यहां पर एक सामान्य परिचय देने की दृष्टि से कुछ प्रमुख अपभ्रंश कवियों की कृष्णविषयक रचनाओं का विवेचन और कुछ विशिष्ट अंश प्रस्तुत किया जाता है। इनमें स्वयम्भू, पुष्पदन्त, हरिभद्र और धवल की रचनाएं समाविष्ट हैं। धवल की कृति अभी अप्रकाशित है। हस्तप्रति के आधार पर उनका परिचय यहाँ पर दिया जा रहा है।

४. स्वयम्भू के पूर्व

नवीं शताब्दी के अपभ्रंश महाकवि स्वयम्भू के पूर्व की कृष्णविषयक अपभ्रंश रचनाओं के बारे में हमारे पास जो ज्ञातव्य है वह अत्यन्त स्वल्प और त्रुटिपूर्ण है। उसके लिए जो आधार मिलते है वे ये हैं—स्वयम्भू

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृत छन्दोग्रन्थ 'स्वयम्भूच्छन्द' में दिये गये कुछ उद्धरण और नाम. भोजकृत 'सरस्वतीकण्ठाभरण' में प्राप्त एकाध उद्धरण. हेमचन्द्रकृत 'सिद्धहेमशब्दानुशासन' के अपभ्रंशविभाग में दिये गये तीन उद्धरण और कुछ अपभ्रंश कृतियों में किया हुआ कुछ कवियों का नामनिर्देश ।

स्वयम्भू के पुरोगामियों में चतुर्मुख कवि स्वयम्भू की ही श्रेणी का एक समर्थ महाकवि था और सम्भवतः वह जैनेतर था । उसने एक रामायणविषयक ओर एक महाभारतविषयक ऐसे कम से कम दो अपभ्रंश महाकाव्यों की रचना की थी यह मानने के लिए हमारे पास पर्याप्त आधार हैं ।[1] उसके महाभारतविषयक काव्य में कृष्णचरित्र के भी कुछ अंश होना अनिवार्य था । कृष्ण के निर्देश वाले दो-तीन उद्धरण ऐसे है जिनको हम अनुमान से चतुर्मुख की कृतियों में से लिए हुए मान सकते हैं । किन्तु इससे हम चतुर्मुख शक्ति का थोड़ा सा भी संकेत पाने में नितान्त असमर्थ है ।[2]

चतुर्मुख के सिवा स्वयम्भू का एक और ख्यातनाम पूर्ववर्ती था । उसका नाम था गोविन्द । 'स्वयम्भूच्छन्द' में दिये गये उसके उद्धरण हमारे लिए अमूल्य है । गोविन्द के जो छह छन्द दिए गए है, वे कृष्ण के बालचरितविषयक किसी काव्य में से लिए हुए जान पडते हैं । गोविन्द का नामनिर्देश अपभ्रंश की मूर्धन्य कवि-त्रिपुटी चतुर्मुख, स्वयम्भू और पुष्पदन्त के निर्देश के साथ-साथ चौदहवीं शताब्दी तक होता रहा है । चौदहवीं शताब्दी के कवि धनपाल ने जो श्वेताम्बर कवीन्द्र गोविन्द को 'सनत्कुमारचरित' का कर्ता बताया है वह और स्वयम्भू से निर्दिष्ट कवि गोविन्द दोनों

---

१. देखिये । रामसिंह तोमर सम्पादित 'रिट्ठणेमिचरिउ' (द्वितीय खण्ड)की सामान्य सम्पादक की भूमिका, पृ. १० और आगे के ।

२. 'स्वयम्भूच्छन्द' ६-७५-१ मे कृष्ण के आगमन के समाचार मे आश्वस्त होकर मथुरा के पौरजनों ने धवल ध्वज फहराए और इस तरह अपना हृदयभाव व्यक्त किया ऐसा अभिप्राय है । ६-१२२-१ में कृप, कर्ण और कलिंगराज को एवं अन्य सुभटों को पराजित करके अर्जुन कृष्ण से जयद्रथ का पता पूछता है ऐसा अभिप्राय है । इनके अलावा ३-८-१ और ६-३५-१ में अर्जुन का निर्देश तो है किन्तु उसके साथ कर्ण का उल्लेख नहीं है और न कृष्ण का ही । इसकी चर्चा के लिये देखिये उपर्युक्त संदर्भ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का अभिन्न होना भी सम्भव है। स्वयम्भू द्वारो उद्धृत किए हुए गोविन्द के छन्द उसके हरिवंशविषयक या नेमिनाथविषयक काव्य में से लिए हुए जान पडते हैं। अनुमान है कि इस पूरे काव्य की रचना केवल रड्डा नामक द्विभङ्गी छन्द से हुई होगी। और सम्भवतः उसी काव्य से प्रेरणा और निर्देशन प्राप्त करके बाद में हरिभद्र ने रड्डा छन्द में ही अपने अपभ्रंश काव्य 'नेमिनाथचरित' को रचना की थी।

'स्वयम्भूच्छन्द' में उद्धृत गोविन्द के सभी छन्द यद्यपि मात्रिक हैं तथापि ये मूल में रड्डाओं के पूर्वघटक के रूप में रहे होगे ऐसा जान पडता है। यह अनुमान हम हरिभद्र के 'नेमिनाथचरित' का आधार लेकर लगा सकते है एवं हेमचन्द्र के 'सिद्धहेम' के कुछ अपभ्रंश उद्धरणों में से भी हम कुछ संकेत निकाल सकते है।

'स्वयम्भूच्छन्द' में गोविन्द से लिये गये मत्तविलासिनी नामक मात्रा छन्द का उदाहरण जैन परम्परा के कृष्णबालचरित्र का एक सुप्रसिद्ध प्रसंग है। यह प्रसंग है कालियनाग के निवासस्थान बने हुए कालिन्दीहृद से कमल निकाल कर भेंट करने का आदेश जो नन्द को कंस द्वारा दिया गया था। पद्य इस प्रकार है :

एहु विसमउ सुट्ठु आएसु
पाणंतिउ माणुसहो दिट्ठीविसु सप्पु कालियउ।
कंसु वि मारेइ धुउ कहिं गम्मउ काइं किज्जउ॥
(स्व०च्छं०, ४-१०-१)

"यह आदेश अतीव विषम था एक और था मनुष्य के लिए प्राणघातक दृष्टिविष कालिय सर्प और दूसरी और था आदेश के अनादर से कंस से अवश्य प्राप्तव्य मृत्युदण्ड—तो अब कहां जायं और क्या करे।

गोविन्द का दूसरा पद्य जो मत्तकरिणी मात्रा छन्द में रचा हुआ है राधा की ओर कृष्ण का प्रेमातिरेक प्रकट करता है। हेमचन्द्र के 'सिद्धहेम' में भी यह उद्घृत हुआ है (देखिये ८-४-४२२,५) और यहीं कुछ अंश में प्राचीनतर पाठ सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त 'सिद्धहेम' (८-४-४२० -२०) में जो दोहा उद्धृत है वह भी मेरी समझ में बहुत करके गोविन्द के ही उसी काव्य के ऐसे ही सन्दर्भ वाले किसी छन्द का उत्तरांश है। 'स्वयम्भूच्छन्द' में दिया गया गोविन्दकृत वह दूसरा छन्द इस प्रकार है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(कुछ अंश हेमचन्द्र वाले पाठ से लिया गया है। टिप्पणी में पाठान्तर दिए गए हैं):

एक्कमेक्कउ[1] जइ वि जोएदि[2]
हरि सुट्ठु[3] वि आअरेण[4] तो वि द्रेहि जहिं कहिं वि राही।
को सक्कइ संवरेवि दड्ढ णयण णेहे[7] पलुट्टा[8] ॥
(स्व०छ०, ४-१०-२)

'एक-एक गोपी की ओर हरि यद्यपि पूरे आदर से देख रहे हैं तथापि उनकी दृष्टि वहीं जाती है जहाँ कहीं राधा होती है। स्नेह से झुके हुए नयनों का संवरण कौन कर सकता है भला'।

इसी भाव से संलग्न 'सिद्धहेम' में उद्धृत दोहा इस प्रकार है:

हरि नच्चाविउ प्रंगणइ तिम्हइ पाडिउ लोउ।
एवहिं राह-पओहरहं जं भावइ तं होउ ॥

'हरि को अपने घर के प्राङ्गण में नचा कर राधा ने लोगों को विस्मय में डाल दिया। अब तो राधा के पयोधरों का जो होना हो सो हो।

हेमचन्द्र के 'त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र' में किया गया वर्णन इससे तुलनीय है गोपियों के गीत के साथ बालकृष्ण नृत्य करते थे और बलराम ताल बजाते थे।

'स्वयम्भूच्छन्द' में उद्धृत बहुरूपा मात्रा के उदाहरण में कृष्णविरह में तडपती हुई गोपी का वर्णन है। पद्य इस प्रकार है:

देइ पाली थणहं पब्भारे
तोडेप्पिणु णलिणि-दलु हरि-विओअ-संतावें तत्ती।
फलु अण्णुहिं पावियउ करउ दइअ जं किंपि रुच्चइ ॥
(स्व०छ०, ४-११-१)

'कृष्णवियोग के संताप से तप्त गोपी उन्नत स्तनप्रदेश पर नलिनीदल तोडकर रखती है। उस मुग्धा ने अपनी करनी का फल पाया। अब देव चाहे सो करे।

पाठान्तर—१. सव्व गोविउ। २. जोएइ। ३. सुट्ठ सव्वाअरेण। ४. देइ दिट्ठि।
५ डड्ढ। ६. नयणा। ७. नेहिं। ८. पलोट्टउ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मानो इससे ही संलग्न हो ऐसा मत्तावालिका मात्रा का उदाहरण है :

कमल-कुमुआण एक्क उप्पत्ति
ससि तो वि कुमुआअरहं देइ सोक्खु कमलहं दिवाअरु ।
पाविज्जइ अवस फलु जेण जस्स पासे ठवेइउ ॥
(स्व०च्छं०, ४-९-१)

'कमल और कुमुद दोनों का प्रभवस्थान एक ही होते हुए भी कुमुदों के लिए चन्द्र एवं कमलों के लिए सूर्य सुखदाता है। जिसने जिसके पास धरोहर रखी हो उसीसे अपने कर्मफल प्राप्त होते हैं।'[1]

मत्तमधुकरी प्रकार की मात्रा का उदाहरण सम्भवतः देवकी कृष्ण को देखने को आई उसी समय के गोकुलवर्णन से सम्बन्धित है—मूल और अनुवाद इस प्रकार है :

ठामठामहिं घास-संतुट्ठ
रत्तिहिं परिसंठिआ रोमंथण-वस-चलिअ-गंडआ ।
दीसहिं धवलुज्जला जोण्हा-णिहाणा इव गोहणा ॥
(स्व०च्छं०, ४-६-५)

'स्थान-स्थान पर रात्रि में विश्रान्ति के लिये ठहरे हुए और जुगाली में जबड़े हिलाते हुए गोधन दिखाई देते हैं। मानों ज्योत्स्ना के धवलोज्ज्वल पुंज।'

इन पद्यों से गोविन्द कवि की अभिव्यक्ति की सहजता का तथा उसकी प्रकृतिचित्रण और भावचित्रण की शक्ति का हमें थोडा सा परिचय मिल जाता है। यह उल्लेखनीय है कि बाद के बालकृष्ण को क्रीडाओं के जैन कवियों के वर्णन में कहीं गोपियों के विरह की तथा राधा सम्बन्धित प्रणयचेष्टा की बात नहीं है। दूसरी बात यह है कि मात्रा या रड्डा जैसा जटिल छन्द भी दीर्घ कथात्मक वस्तु के निरूपण के लिये कितना लचीला एवं लयबद्ध हो सकता है यह बात गोविन्द ने अपने सफल प्रयोगों से सिद्ध की। आगे चलकर हरिभद्र से इसीका समर्थन किया जाएगा।

---

१. रहीम के प्रसिद्ध दोहे का भाव यहां पर तुलनीय है :

जल में बसे कमोदनी चंदा बसे अकास ।
जो जाहि को भावता सो ताहि के पास ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्य छोटी रचनाओं में तो रड्डा का प्रचलन पंद्रह-सोलह शताब्दी तक रहा ।[1]

५. स्वयम्भू

स्वयम्भू ने 'रिट्ठणेमिचरिउ' में कृष्णचरित्र के लिये कुछ अंशो में जिनसेन वाले कथानक का तथा अन्यत्र वैदिक परम्परा वाले कथानक का अनुसरण किया है ।[1]

कृष्णजन्म का प्रसंग स्वयम्भू ने इस प्रकार प्रस्तुत किया है । (सन्धि ४, कडवक १२) :

भाद्रपद शुक्ल द्वादशी के दिन स्वजनों के अभिमान को प्रज्वलित करते हुए असुरविमर्दन जनार्दन का (मानो कंस के मस्तकशूल का) जन्म हुआ। जो सौ सिंहों के पराक्रम से युक्त और अतुलबल थे, जिनका वक्षःस्थल श्रीवत्स से लाञ्छित था, जो शुभ लक्षणों से अलंकृत एवं एक सौ साठ नामों से युक्त थे और जो अपनी देह प्रभा से आवास को उज्ज्वल करते थे उन मधुमथन को वासुदेव ने उठाया। बलदेव ने ऊपर छत्र रखते हुए उनकी बरसात से रक्षा की। नारायण के चरणाङ्गुष्ठ की टक्कर से प्रतोली

---

१. सिद्धहेम ८-४-३९१ इस प्रकार है :

इत्तउं ब्रोप्पिणु सउणि ठिउ पुणु दूसासणु ब्रोप्पि ।
तो हउं जाणउं एहो हरि जइ महु अग्गइ ब्रोप्पि ॥

'इतना कहकर शकुनि रह गया और बाद मे दुःशासन ने यह कहा कि मेरे सामने आकर जब बोले तब मैं जानूं कि यही हरि है ।'
इसमें अर्थ कि कुछ अस्पष्टता होते हुए भी इतनी बात स्पष्ट है कि प्रसंग कृष्णविष्टि का है । यह पद्य भी शायद गोविन्द की वैसी अन्य कोई महाभारतविषयक रचना में से लिया गया है ।

१. मल्लवेश में मथुरा पहुंचने पर मार्ग में कृष्ण धोबी को लूट लेते हैं और संरन्ध्री से विलेपन बलजोरी से लेकर गोपसखाओं में बांट देते है ये दो प्रसंग हिन्दू परम्परा की ही कृष्णकथा में प्राप्त होते है और ये स्वयम्भू में भी है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के द्वार खुल गए। दीपक को धारण किए हुए वृषभ उनके आगे-आगे चलता था। उनके आते ही यमुनाजल दो भागों में विभक्त हो गया। हरि यशोदा को सौंपे गये। उसकी पुत्री को बदले में लेकर हलधर और वसुदेव कृतार्थ हुए। गोपबालिका को लाकर उन्होंने कंस को दे दिया। मगर विन्ध्याचल का अधिप यक्ष उसको विन्ध्य में ले गया।

जैसे गगन में बालचन्द्र का वर्धन होता है, वैसे गोष्ठ के प्राङ्गण में गोविन्द का संवर्धन होता रहा। जैसे कमलसर में स्वपक्ष-मण्डन, निर्दूषण कोई राजहंस को वृद्धि हो वैसे हो हरिवंशमण्डन, कंसखण्डन हरि नन्द के घर पर वृद्धि पाते रहे।

इसके बाद के कडवक में कृष्ण की उपस्थिति के कारण गोकुल की जो प्रत्येक विषय में श्रीवृद्धि हुई और मथुरा की श्रीहीनता हुई उसका निरूपण है। अनुप्रासयुक्त पंक्ति युगलों की आमने-सामने आती हुई पंक्तियों में गोकुल और मथुरा इन दोनों स्थानों की परस्परा विरुद्ध परिस्थितियाँ प्रथित करके यह निरूपण किया गया है।

पाँचवीं सन्धि के प्रथम कडवक में बालकृष्ण को नींद नही आती है और वे अकारण रोते है, यह बात एक सुन्दर उत्प्रेक्षा द्वारा प्रस्तुत की गई है। कवि बताते है कि कृष्ण को इस चिंता से नींद नहीं आती थी कि पूतना, शकटासुर, यमलार्जुन, केशी, कालिय आदि को अपना पराक्रम दिखाने के लिए मुझे कब तक प्रतीक्षा करनीं होगी।

इसके बाद के कडवक में सोते हुए कृष्ण को 'घुरघुराहट' के प्रचण्ड नाद का वर्णन है।

पाँचवीं सन्धि के शेष भाग में बालकृष्ण के पूतनावध से लेकर कमल लाने के लिए कालिन्दी के हृद में प्रवेश करने तक का विषय है।

छठी सन्धि के आरम्भ के चार कडवक कालियमर्दन में लगाए गए है। शेष भाग में कसवध और सत्यभामाविवाह है।

स्वयम्भू की प्रतिभा काव्यात्मक परिस्थितियों को पहिचानने के लए सतत जागरूक है। कालियमर्दन विषयक कडवकों से स्वयम्भू की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कल्पना की उडान की एवं उनके वर्णनसामर्थ्य की हम अच्छी झलक पाते है। उस अंश को मूल और अनुवाद के साथ में यहाँ पर प्रस्तुत कर रहा हूं।

६-१

मुसुमूरिय-मायासंदणेण लक्खिज्जइ जउण जणद्दणेण
अलि-वलय-जलय-कुवलय-सवण्ण रवि-भइयए णं णिसि तलि णिसण्ण
णं वसुह-वरंगण-रोमराइ णं दद्दुढ-मयण-कढणिव्विहाइ
णं इंदणील-मणि-भरिय-खाणि णं कालियाहि-अहिमाण-हाणि
तहे काले णिहालाआय सव्व गामीण गोव जायव सगव्व
थिय भावण देव धरित्ति-मग्गे जोइज्जइ साहसु सुरेहिं सग्गे
आडोहिउ दणु-तणु-मद्दणेण जउणा-दहु देवइ-णंदणेण
संखोहिय जलयर जलु विसट्टु णीसरिउ सप्पु पसरिय-मरट्टु

घत्ता

केसउ कालिउ कालिंदि-जलु तिण्णि-वि मिलियइं कालाइं।
अंधारीहूयउ सव्वु काइं णियंतु णिहालाइं॥

'मायाशकट के संहारक जनार्दन को भ्रमरकुल, मेघ और कुवलय के वर्ण को धारण करने वाली यमुना दृष्टिगोचर हुई. मानों सूर्य-भय से भूतल पर आकर निशा बैठ गई हो। मानों वसुधासुन्दरी की रोमावलि। मानों इन्द्रनील मणि से पूर्ण खानि। मानों कालियनाग की मानहानि। उस समय सभी ग्रामीण गोपजन एवं गर्विष्ठ यादव कृष्ण के पराक्रम देखने को आए। देव भी अन्तरिक्ष एवं स्वर्ग में ठहर कर कृष्ण का साहस देख रहे थे। दानवमर्दन कर देवकीनन्दन ने यमुना का ह्रद विक्षुब्ध कर डाला। सभी जलचरों में खलबली मच गई। जलराशि छिन्न-विच्छिन्न हो गयी। गर्विष्ठ सर्प बाहर निकला। कृष्ण, कालिय एवं कालिन्दीजल तीनों श्याम पदार्थ एक दूसरे में सम्मिलित हो गए। सब कुछ अन्धकार-सा कालाकलूटा हो गया तो अब देखने वाले क्या देखें?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६-२

उद्धाइउ विसहरु विसम-लीलु कलि-काल-कयंत-रउद्द-सीलु
कालिंदि-पमाण-पसारियंगु विपरीय-चलिय-जलचर-तरंगु
विष्फुरिय-फणामणि-किरण-जालु फुक्कार-भरिय-भुवणंतरालु
मुह-कुहर-मरुद्धुय-महिहरिंदु णह-मग्गि झुलुक्किय-अमर-बिंदु
विस-दूसिउ जउणा-जल-पवाहु अवगण्णिय-पंकय-णाह-णाहु
दप्पुद्धुरु उद्ध-फणालि-चंडु णं सरिए पसारिउ बाहु-दंडु
उप्पण्णउ पण्णउ अजउ को-वि पहरिज्जहि णाह णिसंकु होवि
तो विसम विसुग्गारुग्गमेण हरि वेढिउ उरि उरजंगमेण

घत्ता

जउणा-दहे एक्कु मुहुत्तु केसउ सलील-कील करइ ।
रयणायरे मंदरु णाइं विसहर-वेढिउ संचरइ ॥

'विषम लीला करता हुआ विषधर कृष्ण के प्रति लपका । कलिकाल और कृतान्त जैसे रौद्र कालिय ने कालिन्दि जितनी देह फैलायी । जलचर और जलतरंग उलटे गमन करने लगे । उसकी फणामणि से किरणजाल का विस्फुरण होने लगा । फुत्कार से वह भुवनों के अन्तराल को भर देता था । उसके मुखकुहर से निकलते हुए निःश्वासों की झपट से पहाड भी कांपते थे । उसकी दृष्टि की अग्निज्वाला से देवगण भी जलते थे । उसके विष से यमुना का जलप्रवाह दूषित हो गया । कृष्ण की अवगणना करके दर्पोद्धत कालिय ने अपनी प्रचण्ड फणावलि उंची उठाई । मानों यमुना ने अपने भुजदण्ड पसारे । 'यह कोई अजेय पन्नग उत्पन्न हुआ है । उस पर हे नाथ, निःशंक होकर प्रहार करो' (सब कहने लगे) । उस समय उग्र विषवमन करते हुए उरग ने हरि के उरःप्रदेश को लपेट लिया । यमुनाह्रद में एक मुहूर्त केशव जलक्रीड़ा करने लगे । विषधर से वेष्टित हुए वे सागर में मन्दराचल की तरह घूमने लगे ।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६-३

णिय-कंतिए असुरपरायणेण कालिय ण दिट्ठु णारायणेण
उप्पण्ण भंति णउ णाउ णाउ विष्फुरिउ तासु फणमणि-णिहाउ
उज्जोएं जाणिउ परम चारु को गुणेहिं ण पाविउ बंधणारु
तो समर-सहासेहिं दुम्मुहेण भुय-दंड पसारिय महुमहेण
पंचंगुलि पंचणहुज्जलंग णं फुरिय फणामणि वर-भुअंग
तहो तेहिं धरिज्जइ फण-कडप्पु णउ णावइ को करु कवणु सप्पु
लक्खिज्जइ णवर विणिग्गमेग्ग उज्जलउ लइउ सिरि-संगमेण
विहडप्फडु फड फड-झडउ देइ गारुडियहों विसहरु किं करेइ

घत्ता

णत्थेप्पिणु महुमहेण कालिउ णहयले भामियउ ।
भीसावणु कंसहो णाइं काल-दंडु उग्गामियउ ॥

'अपनी श्याम कान्ति से नारायण कालिय को देख न पाए । उनको भ्रान्ति हो गई इससे नाग चीन्हा न गया । इतने में कालिय के फन के 'मणिगण' झलमलाएं । इस उद्द्योत से उन्होंने नाग को अच्छी तरह पहचान लिया । गुणों से कौन भला बन्धन नहीं पाता । तब सहस्रों संग्रामों के वीर मधुमथन ने पाँच नखों से उज्जवल बनी हुई पाँच ऊंगली वाले अपने भुजदण्ड पसारे । मानों वे फलामणि से स्फुरित बडा भुजंग हो । इनसे उन्होंने कालिय के फणामण्डल को पकड़ लिया । अब कौन-सा हाथ है और कोन-सा सर्प इसका पता नहीं चलता था ।...कालिय व्याकुल होकर फणों से फटफट प्रहार करने लगा । मगर विषधर 'गारुडी' को क्या कर सकता था । कृष्ण ने कालिय को नाथ कर आकाश में घुमाया । मानों कंस के प्रति भीषण कालदण्ड उठाया ।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५-४

मणि-किरण-करालिय-महिहरेहिं विसहर-सिर-सिहर-सिलायलेहिं
णियवत्थइं कियइं समुज्जलइं पिंजरियइं जउण-महाजलइं
तहिं ण्हाउ णाउ णं गिल्ल-गंडु पुणु तोडिउ कंचण-कमल-संडु
त्रिणिबद्धउ भारुप्परि विहाइ बीयउ गोवद्धणु धरिउ णाइं
णीसरिउ जणद्दणु दणु-विमद्धि णं महणे समत्तए मंदरद्दि
तडि भारु पडिच्छिउ हलहरेण णं विज्जु-पुंजु सिय-जलहरेण
गो-दुहहं समप्पेवि आयरेण सद्भावे भायरु भायरेण ।

घत्ता

बलएवें अहिमुहु एंतु हरि अवरुंडिउ तहिं समइ ।
सिय-पक्खें तामस पक्खु णाइं पहंतरि पडि-वइ ॥

'सर्प के शिरोमणियों की किरणों से पर्वत व्याप्त हो गए । उनसे कृष्ण के वस्त्र समुज्ज्वल हो गए और यमुना की जलराशि रक्तवर्ण । वहीं कृष्ण ने मद से आर्द्र गण्डवाले गजराज की नाईं स्नान किया और कांचन कमल का जूडा तोड लिया । शिर पर रखा हुआ पूळा ऐसा भाता था मानों दूसरा गोवर्धन उठाया हो ! शत्रु के मर्दन करने वाले जनार्दन बाहर निकले । मानों समुद्रमंथन की समाप्ति करके बाहर निकला हुआ मन्दराचल हो । किनारे पर हलधर ने कृष्ण से बोझ ले लिया । मानों श्वेत बादल ने विद्युत्पुंज अपना लिया । उसे ग्वालों को सौंप उस समय बलदेव ने सम्मुख आते हुए अपने भाई कृष्ण का आलिंगन किया । मानों प्रतिपदा के दिन शुक्लपक्ष ने कृष्णपक्ष को मेटा हो ।'

संग्राम के वर्णनों में स्वयम्भू की कला पूर्ण रूप से प्रकटित होती है । 'हरिवंश' का युद्धकाण्ड तो साठ सन्धियों के विस्तार को भरकर फैला है । कृष्ण के बालचरित्र में भी युद्धवर्णन के कई अवसर स्वयम्भू को मिल जाते है ।

६-१२ में मुष्टिक और चाणूर के साथ कृष्ण और बलभद्र के मल्ल-युद्ध के वर्णन के मध्य यमक के प्रयोग से चित्र में सादृश्यता सिद्ध हुई है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देखिये —

दप्पुधुर दुद्धर एत्तहे वि उट्ठिय मुट्ठिय-चाणूर वे-वि
णं णिग्गय दिग्गय गिल्ल-गंड णं सासहु कंसहु बाहु-दंड
अप्फोडिउ सरहसु सावलेउ रणु मग्गिउ वग्गिउ ण किउ खेउ
जस-तण्हहो कण्हहो एक्कु मुक्कु उद्दामहो रामहो अवरु ढुक्कु
सुभयंकरढ-ढउकर-कत्तरीहिं णीसरणेहिं करणेहिं भामरीहिं
कर-छोड़ेहिं गाहेहिं पीडणेहिं अण्णणेहिं अवरेहिं कीडणेहिं
......इत्यादि ।

